ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 26.10.2020

- स्वच्छता सेवा एवं समाधान के उददेश्य के साथ नगर आयुक्त महोदय के नेतृत्व में चलाया गया वाक–टाक एण्ड रिजाल्व कार्यक्रम।
- उपहार उपवन हरियाली योजना का आज शुभारम्भ, नगर आयुक्त महोदय द्वारा अपने जन्म दिन पर फलदार वृक्ष लगाया गया।

जन समस्याओ को गुणवत्तापूर्वक निस्तारित करने तथा नगर निगम की सेवाओ को जनता को उसके घर पर उपलब्ध कराने के उददे्श्य नगर निगम द्वारा वॉक–टॉक एवं रिजाल्व का अभिनव कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम नियमित रूप से प्रत्येक सोमवार को प्रातः 9.00 बजे से 12.00 बजे तक चलेगा। प्रत्येक जोन में इस कार्यक्रम का नेतृत्व सम्बन्धित जोनल अधिकारियो द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम नगर निगम के समस्त विभागो से सम्बन्धित कर्मचारी/अधिकारी उपस्थित होकर अपने से सम्बन्धित समस्याओ का तत्काल समाधान कर रहे है। इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम की शुरूआत नगर आयुक्त महोदय द्वारा जोन–1 के मोहल्ला आवास विकास कालोनी से प्रारम्भ किया गया। नगर आयुक्त महोदय के साथ उप नगर आयुक्त/जोनल अधिकारी जोन–1 श्री आशुतोष कुमार दुबे, महाप्रबन्धक (जल) श्री वी0एन0 द्विवेदी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी श्री ओपी गौतम,राजस्व निरीक्षक श्री अश्वनी अवस्थी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार, प्रकाश विभाग की टीम उपस्थित थी। नगर आयुक्त महोदय द्वारा पूरे में भ्रमण कर निवासियो से वार्ता की गई एवं उनकी समस्याओ एवं सुझाव को सुना गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार मौके पर ज्ञात नामांतरण के 02 प्रकरणो का निस्तारण कराया गया। इसके अतिरिक्त सड़क पर अतिक्रमण किये हुये व्यक्तियो से 10 हजार 8 सौ रूपये जुर्माना धनराशि की वसूल की गई। आवास विकास कालोनी में सार्वजनिक मार्ग पर किये गये अस्थाई अतिक्रमणो को तत्काल हटवाया गया एवं स्थाई रूप से किये गये अतिक्रमण को चिन्हित करते हुये एक सप्ताह की नोटिस जारी की गई। एक सप्ताह के अन्दर स्वंय अतिक्रमण को न हटाये जाने की दशा मे नगर निगम द्वारा जुर्माना वसूलते हुये अतिक्रमण हटवाया जायेगा। स्थानीय नागरिको ने इस अभियान की प्रशंसा की एवं इसे नगर वासियो के हित में अच्छी पहल बताया गया। इसी प्रकार यह कार्यक्रम जोन–2,जोन–3 तथा जोन–4 में भी चलाया गया। जोन–2 हुण्डालखेल में श्री पी0के सिंह सहायक अभियन्ता (जल) श्री विक्रमाजीत यादव अवर अभियन्ता (सिविल), श्री राजमंगल सिंह, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, श्री सुनील कुमार, राजस्व निरीक्षक तथा पथ प्रकाश की टीम उपस्थित रही। जोन–3 ख्वाजा फिरोज में अवर अभियन्ता (जल) श्री उमेश कुमार सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सागर,राजस्व निरीक्षक तुषार त्रिवेदी एवं सफाई नायक श्री रामबाबू तथा लाइट विभाग की टीम उपस्थित रही। जोन–4 वाला तिराही में सहायक नगर आयुक्त/जोनल श्री अंगद गुप्ता, अवर अभियन्ता, श्री सूरज प्रजापति, राजस्व निरीक्षक श्री शिवपूजन

सफाई एवं खाद्‌य निरीक्षक श्री सुनील कुमार शाक्य एवं सफाई नायक इस्तेखार उपस्थित रहे। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर वासियो से अपील की गई कि निर्धारित तिथि पर नगर निगम की टीम के पहुॅचने पर मोहल्ले से सम्बन्धित समस्याओ का संज्ञान करावे, जिससे उनका तत्काल निस्तारण कराये जा सके। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के समस्त अधिकारियो/कर्मचारियो को निर्देशित किया गया है कि जो समस्या तत्काल निस्तारित की जा सकती है,उसे अनिवार्य रूप से उसी दिन निस्तारित करायी जाये। तथा मॉग से सम्बन्धित बिन्दुओ को संकलित कर अग्रतेर कार्यवाही हेतु अधिकारियो के समक्ष प्रस्तुत किया जाये। नगर आयुक्त महोदय द्वारा इस कार्यक्रम में सहभागिता करते हुये इसे सफल बनाये जाने के लिये नगर वासियो से अपील की गई।

- उपहार उपवन हरियाली योजना का आज शुभारम्भ, नगर आयुक्त महोदय द्वारा अपने जन्म दिन पर फलदार वृक्ष लगाकर किया गया। नगर निगम,शाहजहॉपुर पर्यावरण संरक्षण एवं इसमें जनसहभागिता सुनिश्चित किये जाने हेतु उपहार उपवन हरियाली योजना शुरू की गई है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत महानगर के निवासीगण शुभ अवसरो जैसे जन्म दिन,सगाई,पुण्यतिथि,शादी की सालगिरह,बच्चो के मुडंन आदि की स्मृतियो को स्थाई रूप देने एवं सहेजने के लिये नगर निगम द्वारा विकसित किये जा रहे जैव विविधता पार्क में अपनी इच्छानुसार चयनित वृक्षो का पौधारोपण कर सकते है। सम्बन्धित व्यक्ति द्वारा इसलिये रू0 5100/– नगर निगम के कोष में जमा करना होगा। नगर निगम द्वारा वृक्षो को उपलब्ध कराते हुये उन्हे ट्री गार्ड से सुरिक्षत करेगा। यदि किसी कारणवश पौधा नष्ट होता है,तो नगर निगम द्वारा उसी प्रजाति वृक्ष उसी स्थान पर रोपित किया जायेगा। सम्बन्धित व्यक्ति अपने द्वारा लगाये गये पौधा का निरीक्षण के पार्क के खुलने की अवधि में कभी भी किया जा सकेगा। इस योजना के अन्तर्गत अशोक,बरगद,महुआ,नीम,पीपल,शीशम,अमरूद,आम,जमुन,सहजन आदि वृक्ष रोपित किये जायेगे। नगर आयुक्त महोदय द्वारा इस योजना का शुभारम्भ करते हुये नगर वासियो से अपील की गई कि जैव विविधता पार्क में वृक्षारोपण कर अपनी स्मृतियो को सहेजने के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण में अपना अमूल्य योगदान करे।
-

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर